भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †4918

सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**साइंस सिटी, कोलकाता में एमआईसीई सुविधा का विकास**

**†4918. श्री कार्तिक चन्द्र पॉल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोलकाता के साइंस सिटी में पूर्वी भारत की सबसे बड़ी इनडोर एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन कार्यक्रम, सम्मेलन और प्रदर्शनियाँ) सुविधा विकसित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है;

(ख) प्रस्तावित सुविधा के लिए प्राक्कलित परियोजना लागत कितनी है, वित्तपोषण पैटर्न क्या हैं और कार्यान्वयन करने वाले अभिकरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) योजना, डिजाइन को अंतिम रूप देने, सांविधिक अनुमोदन और निविदा प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) निर्माण शुरू होने, पूरा होने और सुविधा के शुरू होने की समय-सीमा क्या है; और

(ङ) सुविधा की अनुमानित क्षमता कितनी है और कोलकाता के एमआईसीई पर्यटन, रोजगार सृजन और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आने वाले लोगों की संख्या पर इसके अपेक्षित प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): एमआईसीई पर्यटन सहित पर्यटक स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह केन्द्रीय वित्तीय सहायता दिशानिर्देशों के अनुसार और राज्य सरकारों तथा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों/विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के आधार पर दी जा रही है। सम्मेलन केंद्रों और संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

वर्तमान में कोलकाता के साइंस सिटी में पूर्वी भारत की सबसे बड़ी इनडोर एमआईसीई सुविधा विकसित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हालांकि, पश्चिम बंगाल में स्वीकृत अन्य परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री कार्तिक चन्द्र पॉल द्वारा साइंस सिटी, कोलकाता में एमआईसीई सुविधा के विकास के संबंध में दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †4918 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सम्मेलन केन्द्र और संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | केंद्र सरकार की योजना | परियोजना का नाम | परियोजना की लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति वर्ष | घटक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छत्तीसगढ़ | सीबीडीडी | मायाली बगीचा का इको पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 9.97 | 2025 | सम्मेलन हॉल |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | एसएएससीआई | सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, पासीघाट | 46.48 | 2024 | सम्मेलन केन्द्र |
| 3. | गुजरात | एसएएससीआई | टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 | 2024 | सम्मेलन केन्द्र |
| 4. | मध्य प्रदेश | एसएएससीआई | एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 | 2024 | सम्मेलन केन्द्र |
| 5. | हरियाणा | स्वदेश दर्शन 2.0 | यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प | 65.82 | 2025 | सम्मेलन केन्द्र |
| 6. | लक्षद्वीप | स्वदेश दर्शन 2.0 | बंगाराम में पर्यटन अनुभव को बेहतर बनाना | 81.18 | 2025 | एमआईसीई के लिए सम्मेलन हॉल |
| 7. | मध्य प्रदेश | स्वदेश दर्शन 1.0 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास | 18.77 | 2020 | सम्मेलन केन्द्र |
| 8. | जम्मू कश्मीर | स्वदेश दर्शन 1.0 | गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 21.01 | 2021 | सम्मेलन केन्द्र |
| 9. | अरुणाचल प्रदेश | स्वदेश दर्शन 1.0 | जिरीगांव - नफरा - सेप्पा - पप्पू - पासा - पक्के घाटी - लुमडुंग - लफांग सोहंग झील - तारो यार - | 4.028 | 2020 | सम्मेलन केन्द्र |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | न्यू सागली - जीरो - योमचा का विकास | | | |
| 10. | गोवा | स्वदेश दर्शन 1.0 | तटीय परिपथ - II रूआ डी ओरम क्रीक - डॉन पौला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 39.33 | 2022 | सम्मेलन केन्द्र |
| 11. | मिजोरम | स्वदेश दर्शन 1.0 | स्वदेश दर्शन, उत्तर-पूर्व परिपथ के तहत थेंजावाल और दक्षिण ज़ोट, जिला सेरछिप तथा रईक में नयी इको पर्यटन का एकीकृत विकास | 2.64 | 2019 | सम्मेलन केन्द्र |
| 12. | हिमाचल प्रदेश | स्वदेश दर्शन 1.0 | कियारीघाट - शिमला - हतकोटी - मनाली - कांगड़ा - धर्मशाला - बीड - पालमपुर - चंबा का विकास | 17.265 | 2022 | सम्मेलन केन्द्र |
| 13. | मिजोरम | एसीए | आइजोल में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास | 39.94 | 2021 | सम्मेलन केन्द्र |

******

**अनुबंध-II**

श्री कार्तिक चन्द्र पॉल द्वारा साइंस सिटी, कोलकाता में एमआईसीई सुविधा के विकास के संबंध में दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †4918 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**पश्चिम बंगाल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|
| **क** | **स्वदेश दर्शन 1.0** | | |
| i. | तटीय परिपथ का विकास: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप (दिसंबर 2015) | 67.99 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| | **कुल स्वीकृत लागत** | **67.99** | |
| **ख** | **प्रशाद** | | |
| i. | बेलूर मठ का विकास (दिसंबर 2016) | 30.03 | पूर्ण |
| | **कुल स्वीकृत लागत** | **30.03** | |
| **ग** | **केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)** | | |
| i. | उत्तर-पूर्वी राज्य में 22 व्यू पॉइंट का विकास | 3.70 | पूर्ण |
| ii. | रामपुर हाट रेलवे स्टेशन | 3.48 | पूर्ण |
| iii. | तारकेश्वर रेलवे स्टेशन | 3.87 | पूर्ण |
| iv. | न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन | 4.55 | बंद कर दी गई |
| v. | राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के तटबंध के नौ मुख्य स्थलों पर आरोहण/अवरोहण के विकास - उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम | 28.03 | बंद कर दी गई |
| | **कुल स्वीकृत लागत** | **43.63** | |
| | **कुल केंद्रीय सहायता** | **141.65** | |

*****